आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को लाभ सुनिश्चित करने के लिए पैकेजिंग नियमों सहित संशोधित परामर्श जारी किए। नई जीएसटी दरें सोमवार से लागू होंगी।
- नागर विमानन महानिदेशालय ने मॉनसून के बाद चारधाम के लिए हैलीकॉप्टर सेवा फिर शुरू करने की मंजूरी दी।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने हरिद्वार स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन परिसर का निरीक्षण किया।
- टिहरी में पोषण माह की शुरुआत। आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

जीएसटी परामर्श

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जीएसटी की नयी दरों को देखते हुए संशोधित परामर्श जारी किए हैं।

चार धाम हेली सेवा

नागर विमानन महानिदेशालय ने मॉनसून के बाद चारधाम के लिए हैलीकॉप्टर सेवा फिर शुरू करने की अनुमति दे दी है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पूरी छानबीन और सभी पहलुओं की जांच करने के बाद यह मंजूरी दी गयी है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने महानिदेशालय, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण और राज्य सरकार के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिये उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ कई समीक्षा बैठकें की।

सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से अभिप्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज महिला सशक्तिकरण के लिये मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा

पिछले ग्यारह वर्षों में सरकार ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और कानूनी क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए व्यापक नीतिगत सुधार किए हैं। नारी शक्ति अब एक राष्ट्रीयव्यापी अभियान है, जो प्रत्येक महिला को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जीवनयापन में सक्षम बनाता है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संवैधानिक सुधार उपायों तथा हिंसा और भेदभाव के विरूद्ध ऐतिहासिक कानूनों से लेकर परिवर्तनकारी योजनाओं तक, अब प्रत्येक क्षेत्र में महिला विकास के स्थान पर महिला नीति

विकास की भावना पर बल दिया जा रहा है। पिछले वर्ष दिसंबर में हरियाणा में बीमा सखी योजना की शुरूआत करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वर्तमान समय में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात वर्ष 2014–15 के आंकड़े, 918 से बढकर वर्ष 2023–24 में 930 हो गया है। जनवरी 2015 में शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना समूचे देश में लाखों युवा लड़कियों के लिए आशा और सशक्तिकरण की एक किरण है।

सरकार, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थायी तौर पर न्यूनतम एक लाख रूपए प्रति वर्ष की आय अर्जित करने के लिए लखपति दीदी पहल भी लागू कर रही है। ये पहल भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। महिलाएं अब राजनीतिक से लेकर रक्षाबलों और विमानन क्षेत्र तक सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और देश के विकास को गति दे रही हैं।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने हरिद्वार स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन परिसर का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही शेष कार्य भी पूरे कर दिए जाएंगे।

पोषण माह

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से नई टिहरी में पोषण माह की शुरुआत हो गई है। जिले की मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जाएंगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविरों में गर्भवती महिलाओं की जांच भी की जाएगी।

कुमाऊं आयुक्त निरीक्षण

नैनीताल नगर के लोअर माल रोड में लोक निर्माण विभाग भू–कटाव रोकने और मार्ग को मुख्य मालरोड से जोड़ने के लिए अस्थायी रैंप का निर्माण कर रहा है। इस बीच, कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने ट्रीटमेंट कार्य का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि झील के चारों ओर क्षतिग्रस्त दीवारों की शीघ्र मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा, ताकि भविष्य में बड़ा नुकसान न हो। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को यातायात सुचारू करने के लिए तुरंत कदम उठाने और पूर्व में स्वीकृत लगभग चार करोड़ की धनराशि से अधूरे कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया भू–वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार माल रोड के करीब 190 मीटर हिस्से में भू–धंसाव है, जिसके स्थायी उपचार के

लिए लोक निर्माण विभाग और टीएचडीसी मिलकर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर शासन को भेजेंगे।

उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय

उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने राज्य के एलटी शिक्षकों और प्रवक्ताओं की पदोन्नति के मामले में दायर याचिकाओं की सुनवाई के बाद राज्य सरकार से वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति सूची बनाकर आगामी 22 सितंबर तक याचिकाकर्ताओं को मुहैया कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। शिक्षकों द्वारा आंदोलन की चेतावनी के बाद महाधिवक्ता सूर्य नारायण बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह रावत ने मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर जल्द सुनवाई करने की मांग की थी।

एमडीडीए

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए ने देहरादून के मालसी–सिनोला–मसूरी रोड पर अवैध रूप से किए जा रहे बहुमंजिला भवन निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की गई। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि शहर के सौंदर्य और संतुलित विकास के लिए अवैध निर्माण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण लगातार निगरानी कर रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से भी अपील है कि वे किसी भी प्रकार के निर्माण से पहले अनुमोदन अवश्य प्राप्त करें।